**Sl.No. :**

नामांक **Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Tear Here

**No. of Questions – 20**
**No. of Printed Pages – 11**

**SS–10–Economics (Supp.)**

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2025

# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2025

## अर्थशास्त्र

## ECONOMICS

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidates must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-sheet only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

6) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any kind of error / difference / contradiction in the Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

7) **प्रश्न क्रमांक 14 से 20 में आन्तरिक विकल्प हैं। किसी एक विकल्प को हल कीजिए।**

Question Nos. **14** to **20** have the internal option. Attempt any one option.

## खण्ड – अ
## SECTION - A

**1)** बहुविकल्पी प्रश्न : **[18×1=18]**
Multiple Choice Questions:

i) 'एन इन्क्वायरी इन्टू द नेचर एण्ड काउज ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक कब प्रकाशित हुई? **[1]**
अ) 1776 ब) 1883
स) 1919 द) 1936
When was the book 'An Enquiry into the Nature and cause of wealth of Nations' published?
A) 1776 B) 1883
C) 1919 D) 1936

ii) समष्टि अर्थशास्त्र में निर्णयकर्ता कौन है? **[1]**
अ) वैयक्तिक आर्थिक ऐजेंट ब) राज्य
स) उपभोक्ता द) उत्पादक
Who are the macro economic decision makers?
A) Individual economic agents B) State
C) Consumer D) Producer

iii) यदि नकद कोष अनुपात 20% है तो मुद्रा गुणक का मान होगा – **[1]**
अ) 2 ब) 5
स) 20 द) 100
If cash reserve ratio is 20% then the value of money multiplier will be -
A) 2 B) 5
C) 20 D) 100

iv) भारत में सिक्के कौन जारी करता है? **[1]**
अ) भारत सरकार ब) भारतीय रिजर्व बैंक
स) व्यावसायिक बैंक द) सहकारी बैंक
Who issues coins in India?
A) Government of India B) Reserve Bank of India
C) Commercial Bank D) Cooperative Bank

v) आय के शून्य होने पर भी उपभोग होता है तो उसे कहते है – **[1]**
अ) प्रत्याशित उपभोग ब) प्रेरित उपभोग
स) स्वतंत्र उपभोग द) नियोजित उपभोग
Consumption takes place even when income is zero, is called -
A) Exante consumption B) Induced consumption
C) Autonomous consumption D) Planned consumption

vi) बचत का सूत्र है – **[1]**

अ) S = Y–C    ब) S = Y+C

स) S = Y–T    द) S = Y+I

The formula of saving is -

A) S = Y–C    B) S = Y+C

C) S = Y–T    D) S = Y+I

vii) निम्नांकित में से प्रत्यक्ष कर का उदाहरण है – **[1]**

अ) उत्पादन कर    ब) बिक्री कर

स) आय कर    द) सेवा कर

Which of the following is an example of direct tax?

A) Production tax    B) Sales tax

C) Income tax    D) Service tax

viii) जब सरकार का व्यय राजस्व से अधिक हो तो यह कहलाता है – **[1]**

अ) शून्य बजट    ब) संतुलित बजट

स) अधिशेष बजट    द) घाटे का बजट

When government expenditure exceeds revenue, it is called -

A) Zero budget    B) Balanced budget

C) Surplus budget    D) Deficit budget

ix) वह अर्थव्यवस्था जो अन्य देशों के साथ व्यापार करती है, कहलाती है – **[1]**

अ) खुली अर्थव्यवस्था    ब) बंद अर्थव्यवस्था

स) बाजार अर्थव्यवस्था    द) केंद्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

The economy that trades with other countries, is called -

A) Open economy    B) Closed economy

C) Market economy    D) Centrally planned economy

x) जब घाटा होता है तो रिजर्व बैंक विदेशी विनिमय बेचता है, इसे कहा जाता है – **[1]**

अ) स्वायत्त लेन देन    ब) समायोजित लेन देन

स) अधिकारिक कोष विक्रय    द) त्रुटि और लोप

When there is deficit, the Reserve Bank sells Foreign exchange, this is called -

A) Autonomous transactions    B) Accommodating transactions

C) Official reserve sale    D) Errors and omissions

xi) संसाधन का उदाहरण है – **[1]**

अ) खाद्य पदार्थ    ब) वस्त्र

स) टेलिविजन    द) मशीन

An example of a resource is -

A) Food ingredient    B) Clothes

C) Television    D) Machine

xii) केंद्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण निर्णय किसके द्वारा लिए जाते है? [1]

अ) बाजार ब) सरकार

स) परिवार द) फर्म

In a centrally planned economy, the important decisions are taken by -

A) Market B) Government

C) Family D) Firm

xiii) उपभोक्ता की आय में वृद्धि होने पर मात्रा में भी वृद्धि होती है तो वह वस्तु है – [1]

अ) सामान्य ब) निम्नस्तरीय

स) मध्यवर्ती द) गिफिन

When the income of the consumer increases, the quantity also increases, then the commodity is -

A) Normal B) Inferior

C) Intermediate D) Giffen

xiv) क्षैतिजीय मांग वक्र की लोच होती है – [1]

अ) शून्य ब) अनन्त

स) एक द) एक से अधिक

The elasticity of the horizontal demand curve is -

A) Zero B) Infinite

C) One D) More than one

xv) अल्पकालीन औसत लागत वक्र का आकार होता है – [1]

अ) उल्टा U ब) U आकार

स) क्षैतिजीय द) उर्ध्वाधर

The shape of shortrun average cost is -

A) Inverted U B) U Shaped

C) Horizontal D) Vertical

xvi) शून्य निर्गत पर कुल परिवर्ती लागत होती है – [1]

अ) शून्य ब) एक

स) अनन्त द) अपरिभाषित

At zero output, the total variable cost is -

A) Zero B) One

C) Infinite D) Undefined

xvii) पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म के लिए सीमांत संप्राप्ति व औसत संप्राप्ति की स्थिति है – **[1]**

अ) MR > AR　　ब) MR < AR

स) MR = AR　　द) MR ≠ AR

The condition of marginal revenue and average revenue for a perfectly competitive firm is -

A) MR > AR　　B) MR < AR

C) MR = AR　　D) MR ≠ AR

xviii) पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म का कुल संप्राप्ति वक्र है – **[1]**

अ) ऊपर की ओर जाती हुई सीधी रेखा　　ब) क्षैतिजीय रेखा

स) ऊपर की ओर जाती हुई वक्रीय रेखा　　द) ऊर्ध्वाधर रेखा

The total revenue curve of a perfectly competitive firm is -

A) Straight line going upwards　　B) Horizontal line

C) Upward curved line　　D) Vertical line

**2)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **[6×1=6]**

Fill in the blanks :

i) आधुनिक अर्थव्यवस्था में मुद्रा में नकदी और ............... शामिल होते है। **[1]**

In a modern economy, money comprises cash and _________.

ii) प्रत्याशित समस्त मांग .............. तथा प्रत्याशित निवेश व्यय का योग होती है। **[1]**

Ex ante aggregate demand is the sum of _______ and ex ante investment expenditure.

iii) ............ किसी निश्चित समयावधि में किसी देश के निर्यात मूल्य और आयात मूल्य के बीच का अंतर है। **[1]**

_______ is the difference between the value of exports and value of imports of goods of a country in a given period of time.

iv) संसाधनों की कमी ................ की समस्या को जन्म देती है। **[1]**

The scarcity of resources gives rise to the problem of _______.

v) फर्म बाजार में निर्गत बेचकर .............. अर्जित करती है। **[1]**

The firm earns ________by selling the output in the market.

vi) कुल संप्राप्ति एवं कुल उत्पादन लागत के बीच अंतर ............ होता है। **[1]**

The difference between total revenue and total production cost is ______.

3) अति लघुत्तरात्मक प्रश्न : [12×1=12]

Very short answer questions :

i) निवेश व्यय से क्या तात्पर्य है? [1]

What is meant by investment expenditure?

ii) आवधिक जमा किसे कहते है? [1]

What is time deposits?

iii) औसत बचत प्रवृत्ति का सूत्र लिखिए। [1]

Write the formula of average propensity to save.

iv) यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0.8 है तो गुणक का मान क्या होगा? [1]

If Marginal Propensity to Consume (MPC) is 0.8 then what will be the value of multiplier?

v) अंतिम वस्तुओं की समस्त मांग का समीकरण लिखिए। [1]

Write the equation for aggregate demand for final goods.

vi) सरकारी बजट का कोई एक उद्देश्य बताइए। [1]

State any one objective of the government budget.

vii) अदायगी–संतुलन किसे कहते है? [1]

What is balance of payments?

viii) सेवाओं के कोई दो उदाहरण दीजिए। [1]

Give any two examples of services.

ix) मांग वक्र को रेखाचित्र के रूप में दर्शाइए। [1]

Show the demand curve graphically.

x) दीर्घकाल को परिभाषित कीजिए। [1]

Define long run.

xi) बाजार में अधिपूर्ति क्या है? [1]

What is excess supply in the market?

xii) पूर्ति की कीमत लोच को परिभाषित कीजिए। [1]

Define price elasticity of supply.

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**लघु उत्तरात्मक प्रश्न :** **[10×2=20]**

Short Answer Questions :

**4)** फर्म के पास वर्ष के प्रारंभ में ₹100 मूल्य का अबिक्रित स्टॉक था। वर्ष के दौरान फर्म ने ₹1000 मूल्य की वस्तुओं का उत्पादन किया जिसमें से ₹800 मूल्य की वस्तुओं की बिक्री हुई। वर्ष के अंत में माल सूची का मान क्या होगा? **[2]**

The firm had unsold stock worth ₹100 at the beginning of the year. During the year the firm produced goods worth ₹1000 out of which goods worth ₹ 800 were sold. What will be the value of inventory at the end of the year?

**5)** उपभोग फलन को रेखाचित्र से दर्शाइए। **[2]**

Show the consumption function graphically.

**6)** राजकोषीय नीति के किन्हीं दो उपकरणों का उल्लेख कीजिए। **[2]**

Mention any two instruments of fiscal policy.

**7)** चालू खाते के किन्हीं दो घटकों के नाम बताइए। **[2]**

Name any two components of current account.

**8)** विदेशी विनिमय की मांग के कोई दो कारण दीजिए। **[2]**

Give any two reasons for the demand of foreign exchange.

**9)** सीमांत उत्पादन संभावना वक्र बनाइए। **[2]**

Draw the marginal production possibility curve.

**10)** ह्रासमान सीमांत उपयोगिता नियम की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। **[2]**

Briefly explain the law of diminishing marginal utility.

11) सीमांत उत्पाद की अवधारणा को समझाइए। [2]

Explain the concept of marginal product.

12) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल से क्या आशय है? [2]

What is meant by decreasing returns to scale?

13) फर्म के उत्पादन बंदी बिंदु से आप क्या समझते है? [2]

What do you understand by shut down production point of the firm?

## खण्ड – स

## SECTION - C

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न : [4×3=12]

Long Answer Questions :

14) उपभोग और पूंजीगत वस्तुओं में उदाहरण सहित अंतर कीजिए। [3]

Differentiate between consumption and capital goods with examples.

अथवा/OR

सकल घरेलू उत्पाद गणना की व्यय विधि को समझाइए।

Explain the expenditure method of calculating Gross Domestic Product.

15) आनुपातिक कर की दर में कटौती के संतुलन आय पर प्रभाव को रेखाचित्र की सहायता से समझाइए। [3]

Explain the effect of reduction in proportional tax rate on equilibrium income with the help of a diagram.

अथवा/OR

सरकारी बजट के स्थिरीकरण कार्य को समझाइए।

Explain the stabilization function of government budget.

**16)** **रैखिक मांग वक्र की दिशा में लोच की ज्यामितीय माप विधि की व्याख्या कीजिए।** **[3]**

Explain the geometric method of measuring elasticity in the direction of a linear demand curve.

अथवा/OR

**बाजार मांग की रेखाचित्र सहित व्याख्या कीजिए।**

Explain market demand with the help of a diagram.

**17)** **निम्नलिखित सारणी से औसत संप्राप्ति तथा सीमांत संप्राप्ति की गणना कीजिए।** **[3]**

| निर्गत (θ) | कुल संप्राप्ति (TR) | औसत संप्राप्ति (AR) | सीमांत संप्राप्ति (MR) |
|---|---|---|---|
| 1 | 40 | - | - |
| 2 | 80 | - | - |
| 3 | 120 | - | - |

Calculate the average revenue and marginal revenue from the following table.

| Output (θ) | Total Revenue (TR) | Average Revenue (AR) | Marginal Revenue (MR) |
|---|---|---|---|
| 1 | 40 | - | - |
| 2 | 80 | - | - |
| 3 | 120 | - | - |

अथवा/OR

**गेहूँ का मांग तथा पूर्ति वक्र इस प्रकार हैः–** $q_D = 700 - P$ **तथा** $q_S = 500 + 3P$ **तो संतुलन कीमत तथा संतुलन मात्रा की गणना कीजिए।**

The demand and supply curve of wheat is as follows: $q_D = 700 - P$ and $q_S = 500 + 3P$ then calculate the equilibrium price and equilibrium quantity.

## खण्ड – द

## SECTION - D

**निबन्धात्मक प्रश्न :** **[3×4=12]**

Essay type questions :

**18)** **व्यावसायिक बैंक के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए।** **[4]**

Describe any four functions of a commercial bank.

अथवा/OR

**मुद्रा पूर्ति के नियंत्रण के किन्हीं चार उपकरणों की विवेचना कीजिए।**

Discuss any four instruments of control of money supply.

19) एक अनधिमान वक्र की अति सामान्य आकृति कैसी होती है और क्यों? एक काल्पनिक तालिका व रेखाचित्र से समझाइए। **[4]**

What is the most common shape of an indifference curve and why? Explain with the help of an imaginary table and diagram.

अथवा/OR

मांग की कीमत लोच से आप क्या समझते है? मांग की कीमत लोच को निर्धारित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए।

What do you mean by price elasticity of demand? Mention the factors that determine price elasticity of demand.

20) औसत स्थिर तथा औसत परिवर्ती लागत अवधारणा को रेखाचित्र से समझाइए। **[4]**

Explain the concept of average fixed and average variable cost with the help of a diagram.

अथवा/OR

दीर्घकालीन औसत लागत तथा दीर्घकालीन सीमांत लागत के मध्य संबंध को रेखाचित्र से समझाइए।

Explain the relationship between long run average cost and long run marginal cost with the help of a diagram.

ⓘⓘⓘⓘ

DO NOT WRITE ANYTHING HERE